# केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली संभाग
# प्री बोर्ड परीक्षा – 2 ( 2024-2025)

**कक्षा-दसवीं** **हिंदी'अ'(कोड-002)**

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:** -

इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं क, ख, ग, घ ।

खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।

खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें 2 प्रश्न पठित बोध से है।

खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

---

## खंड-क (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)**

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्त्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रुप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका जीवन भी सुखी और आनंदमय हो सकता है। इन सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार,आस-पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा।

वाणी और व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दम्भी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता।

I. समाज और राष्ट्र के हित में नागरिक के लिए कैसे गुणों की अपेक्षा की जाती है? 1

क) वाणी और व्यवहार की शुद्धि

ख) कर्त्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह

ग) शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना

घ) उपर्युक्त सभी

II. ये गुण किसी व्यक्ति के निजी जीवन में किस प्रकार उपयोगी हो सकते हैं? 1
क) व्यक्ति परिवार का कमाऊ सदस्य बन जाता है
ख) व्यक्ति धनी और अच्छा इंसान बन जाता है
ग) व्यक्ति समाज के लिए हितकर बन जाता है
घ) व्यक्ति देश का श्रेष्ठ नागरिक बन जाएगा

III. वाणी और व्यवहार की मधुरता सबके लिए सुखदायक क्यों मानी गई हैं? 1
क) यह समाज के आर्थिक सद्भाव में वृद्धि करती है
ख) यह समाज में हार्दिक सद्भाव बढ़ाती है
ग) यह समाज के राजनीतिक सद्भाव में वृद्धि करती है
घ) यह समाज के सामाजिक सद्भाव में वृद्धि करती है

IV. किस प्रकार के व्यक्तियों से समाज में शांति एवं सौहार्द का वातावरण नहीं बनता है?2

V. इस गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है? 2

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)**

वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालो
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो
चढ़ तुंग शैल शिखरों पर सोम पियो रे।
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे।
छोड़ो मत अपनी आन, सीस कट जाए,
मत झुको अनय पर, भले व्योम फट जाए
दो बार नहीं यमराज कंठ धरता है,

मरता है जो, एक ही बार मरता है।
तुम स्वयं मरण के मुख पर चरण धरो रे।
जीना हो तो मरने से नहीं डरो रे।
स्वातंत्र्य जाति की लगन व्यक्ति की धुन है,
बाहरी वस्तु यह नहीं, भीतरी गुण है।
नत हुए बिना जो अशनि-घात सहती है,
स्वाधीन जगत् में वही जाति रहती है।
वीरत्व छोड़ पर का मत चरण गहो रे।

I. 'युवकों को आदर्श जीवन जीना चाहिए' प्रस्तुत कथन को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए- (1)
अ) युवकों के मन में जोश भरा होना चाहिए।
ब) युवकों में देशभक्ति की भावना जागृत होनी चाहिए।

स) युवकों को अपनी युवावस्था का सदुपयोग करना चाहिए।

द) युवाओं को पराक्रमी वीर के समान होना चाहिए। कूट

(क) अ और ब सही है (ग) ब,स और द सही हैं

(ख) ब और स सही हैं (घ) अ,ब,स और द सही हैं

II.कवि के अनुसार कैसे लोग प्रत्येक संकट का सामना बहादुरी से करते हैं? (1)

(क) जो प्रत्येक संकट का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं|

(ख) जो संकट से डर जाते हैं|

(ग) जो आलसी होते हैं|

(घ) इनमें से कोई नहीं|

III.काव्यांश के आधार पर बताइए कि कैसी परिस्थितियों में मनुष्य को मृत्यु की चिंता नहीं करनी चाहिए? 1

(क) जब अपनी आन दाँव पर लगी हो

(ख) जब युद्ध में भाग लेना हो

(ग) जब अचूक अस्त्रों से लड़ना पड़े

(घ) यदि शत्रु अधिक शक्तिशाली हो

IV. 'जीना हो तो मरने से नहीं डरो रे' – पंक्ति से क्या अभिप्राय है ? (2)

V. प्रस्तुत पद्यांश में कवि क्या संदेश देना चाहता है ? (2)

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का परिचय दीजिए। (1X4=4)**

i) पिताजी <u>बाहर</u> गए।

ii) <u>सर्वेश</u> ने चित्र बना लिया।

iii) रमा को <u>सुन्दर</u> फ्रॉक मिली।

iv) <u>हाय</u>! वह चल बसा।

v) <u>वह</u> विद्यालय गया ।

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (1X4=4)**

i) 'अब चला जाए'। – वाच्य भेद बताइए।

ii) 'रमेश ने किताब पढ़ ली है'। – वाच्य भेद बताइए।

iii) 'मोहन शिकार करता है'। कर्मवाच्य में बदलिए।

iv) जिन वाक्यों में कर्म की प्रधानता हो, ______ वाच्य कहलाते हैं।

v) 'छात्रों द्वारा श्रमदान किया गया'। – कर्तृवाच्य में बदलिए।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पंक्तियों में से किन्ही चार में अलंकार पहचान कर लिखिए। (1X4=4)**

i) काँच को करके दिखा देते हैं वे उज्जवल रत्न।

ii) लघु तरणी हंसिनी सी सुन्दर।

iii) झुककर मैंने पूछ लिया, खा गया मानो झटका ।

iv) सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का ।

v) पायो जी मैंने राम रत्न धन ।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1X4=4)**

i) मेरे जीवन का उद्देशय है कि ज्ञानार्जन करूँ – आश्रित उपवाक्य का भेद बताइए।

ii) मैं दूध पीकर सो गया।– संयुक्त वाक्य में बदलिए।

iii) किसान खेतों की ओर गया।– रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

iv) बिजली नहीं है इसलिए अंधेरा है। - रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

v) संतोषी सदैव सुखी रहते हैं।– मिश्र वाक्य में बदलिए।

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए जाना पड़ता है। मगर एक रास्ता है बालाजी मंदिर तक जाने का। यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है। इस रास्ते से अमीरुद्दीन को जाना अच्छा लगता है। इस रास्ते न जाने कितने तरह के बोल-बनाव कभी ठुमरी, कभी ठप्पे, कभी दादरा के मार्फत ड्योढ़ी तक पहुँचते रहते हैं। रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है। अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली है। एक प्रकार से उनकी अबोध उम्र में अनुभव की स्लेट पर संगीत प्रेरणा की वर्णमाला रसूलनबाई और बतूलनबाई ने उकेरी है । वैदिक इतिहास में शहनाई का कोई उल्लेख नहीं मिलता । इसे संगीत शास्त्रान्तर्गत सुषिर वाद्यों में गिना जाता है । अरब देश में फूँक कर बजाए जाने वाले वाद्य जिनमें नाड़ी (नरकट या रीड ) होती है, को नय बोलते हैं । शहनाई को "शाहेनय" अर्थात "सुषिर वाद्यों मे शाह" की उपाधि दी गई है । सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में तानसेन के द्वारा रची बंदिश, जो संगीत राग कल्पद्रुम से प्राप्त होती है, में शहनाई, मुरली , वंशी, शृंगी, एवं मुरचंग आदि का वर्णन आया है ।

1 . यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है। इस रास्ते से अमीरुद्दीन को जाना अच्छा लगता है।

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिये

कथन

i. क्योंकि यह रास्ता सबसे छोटा पड़ता है

ii. क्योंकि अमीरुद्दीन को रसूलनबाई और बतूलनबाई का नाच अच्छा लगता है

iii. क्योंकि अमीरुद्दीन को रसूलनबाई और बतूलनबाई का गाना अच्छा लगता है

iv. क्योंकि रसूलनबाई और बतूलनबाई अमीरुद्दीन को मिठाई खिलाती हैं

विकल्प

(क) केवल कथन ii सही है (ग) कथन i व iii सही है

(ख) केवल कथन iii सही है (घ)इनमें से कोई नहीं

2. बिस्मिल्ला खाँ बालाजी मंदिर क्यों जाते हैं ?

(क) पूजा करने
(ख) प्रसाद लेने
(ग) शहनाई बेचने
(घ) शहनाई का अभ्यास करने

3. बिस्मिल्ला खाँ को संगीत प्रेरणा कहाँ से मिली ?
(क) अपनी माता से
(ख) तानसेन से
(ग) रसूलनबाई और बतूलनबाई से
(घ) नौबतखाने से

4. कल्पद्रुम क्या है ?
(क) एक नगर
(ख) एक राग
(ग) एक भाषा
(घ) एक गीत

5. सुषिर वाद्यों मे शाह की उपाधि किसे दी गयी है ?
(क) तानसेन को
(ख) बिस्मिल्ला खाँ को
(ग) शहनाई को
(घ) अमीरुद्दीन को

**प्रश्न 8.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखेँ-(2X3=6)**

(I) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?
(II) भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएं किस तरह व्यक्त की?
(III) लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?
(IV) बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज़ सुन्दर कमज़ोर कांपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है, या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार

I. मुख्य गायक के स्वर का साथ देती हुई आवाज कैसी है?
क) कमज़ोर
ख) काँपती
ग) सुन्दर
घ) उपर्युक्त सभी

II. कथन - संगतकार और मुख्य गायक का संबंध हो सकता है-
(1)गायक का अनुज
(2) दूर का कोई रिश्तेदार
(3) नौसिखिया
(4) गायक को सिखाने वाला

निष्कर्ष -निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए ।
क) 1 और 3 विकल्प सही है ।
ख) 1 और 2 विकल्प सही है ।
ग) विकल्प 1,2 और 3 सही है ।
घ) विकल्प 4 सही है ।

III. कथन - प्रस्तुत कविता में किसकी भूमिका पर विचार किया गया है?

1) गायक के छोटे भाई के रूप मे संगतकार की
2) स्थायी को संभालने वाले संगतकार की
3) ऊँचे स्वर की
4) मुख्य गायक की

निष्कर्ष -निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए ।

क) विकल्प 4 सही है । ग) विकल्प 1 और 3 सही है।
ख) विकल्प 1 और 2 सही हैं। घ) चारों विकल्प सही है।

IV. काव्यांश से दो ऐसे शब्द छाँटिए जो मूलत: हिन्दी भाषा के नहीं हैं।

क)शिष्य और कमजोर ग) कांपती और कमज़ोर
ख) आवाज़ और कमज़ोर घ) शिष्य और आवाज़

V. मुख्य गायक का साथ देती हुई आवाज़ कांपती हुई क्यों है?

1) ताकि मुख्य गायक के आवाज का प्रभाव कम न हो ।
2) क्योंकि संगतकार का सुर अभी पक्का नहीं है ।
3) क्योंकि संगतकार में आत्मविश्वास की कमी है ।
4) क्योंकि अभी वह नौसिखिया है ।

निष्कर्ष -निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए ।

क) केवल 1 विकल्प सही है। ग) विकल्प 3 सही है।
ख) 3 और 4 दोनों विकल्प सही है। घ) सभी विकल्प सही है।

**प्रश्न-10.निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखें -(2X3=6)**

(I) गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है?
(II) फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है?
(III) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई है?
(IV) बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है?

**प्रश्न-11. पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। (4X2=8)**

(I) 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है यह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है?
(II) जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं?
(III) क्या बाह्य दबाव केवल लेखन से जुड़े रचनाकारों को ही प्रभावित करते हैं या अन्य क्षेत्रों से जुड़े कलाकारों को भी प्रभावित करते हैं, कैसे?

## खंड-घ (रचनात्मक-लेखन)

**प्रश्न 12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए।**

**(I) भ्रष्टाचार- कारण और निवारण**

संकेत बिंदु:- भूमिका

- भ्रष्टाचार का बोलबाला
- भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव एवं रोकने के उपाय
- उपसंहार

**(II) बेरोजगारी : समस्या और समाधान**

संकेत बिंदु:- अर्थ

- कारण
- दुष्परिणाम
- समस्या का समाधान

**(III) प्राकृतिक आपदाएँ**

संकेत बिंदु:- प्रस्तावना

- प्रकार
- रोकथाम
- आपदा प्रबंधन

**प्रश्न-13.** आप राज /राधिका गौतम नगर से है। अपने क्षेत्र में फैली गंदगी की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100शब्दों में पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

पढ़ाई छोड़ कर घर बैठे छोटे भाई को समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए कि पढ़ना क्यों आवश्यक है? पत्र ऐसा हो कि उसमें नई उमंग का संचार हो सके ।

**प्रश्न-14.** आपका नाम अंकित/अंकिता है। आप बी.ए. बी.एड. पास हैं और आपकी आयु लगभग 25 वर्ष है। आपको विद्यालय में अध्यापक के पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

**प्रश्न-15.** सम्राट पेन की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रचार हेतु लगभग 35-40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (4)

**अथवा**

अपने मित्र को उसके जन्मदिन पर बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए।